Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

# अध्याय – 3 | लिंग धर्म और लैंगिक मसले

## QUIZ-01

1. **भारत में महिलाओं की साक्षरता दर पुरुषों की तुलना में कितनी है?**
   A. 66% (महिला), 90% (पुरुष)
   B. 54% (महिला), 76% (पुरुष)
   C. 60% (महिला), 70% (पुरुष
   D. 50% (महिला), 80% (पुरुष) (B)

*व्याख्या :* महिलाओं की साक्षरता दर 54% और पुरुषों की 76% है, जो लैंगिक असमानता को दर्शाता है।

**2. समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 क्या सुनिश्चित करता है?**
A. सभी महिलाओं को मातृत्व अवकाश
B. कार्यरत महिलाओं को उच्च वेतन
C. समान कार्य के लिए समान वेतन
D. लड़कियों के लिए नि:शुल्क शिक्षा (C)

*व्याख्या :* यह अधिनियम समान कार्य के लिए पुरुषों और महिलाओं को समान वेतन देने का प्रावधान करता है।

**3. भारत में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें किस संस्था में आरक्षित हैं?**
A. लोकसभा B. राज्य विधानसभाएँ
C. पंचायती राज संस्थाएँ D. राज्यसभा (C)

*व्याख्या :* पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 33% सीटें आरक्षित हैं।

**4. सांप्रदायिकता किस पर आधारित होती है?**
A. सांस्कृतिक उत्सव
B. धार्मिक विविधता
C. धर्म को समुदाय का मूल आधार मानना
D. धर्मनिरपेक्ष सद्भावना (C)

*व्याख्या :* सांप्रदायिकता उस विचारधारा को मानती है कि एक धर्म के अनुयायियों के हित समान होते हैं।

**5. भारत में अस्पृश्यता को कौन-सा अनुच्छेद प्रतिबंधित करता है?**
A. अनुच्छेद 21
B. अनुच्छेद 17
C. सूचना का अधिकार अधिनियम
D. समान अधिकार अधिनियम (B)

*व्याख्या :* भारतीय संविधान का अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता को समाप्त करता है।

**6. अनुसूचित जातियों (SC) में कौन शामिल हैं?**
A. आदिवासी
B. जमींदार
C. दलित
D. शहरी मध्यम वर्ग (C)

*व्याख्या :* अनुसूचित जातियों में दलित शामिल होते हैं, जिन्हें पहले 'अछूत' माना जाता था।

**7. भारत में बाल लिंग अनुपात (बालिका प्रति 1000 बालक) क्या है?**
A. 950
B. 900
C. 919
D. 980 (C)

*व्याख्या :* जनगणना के अनुसार, भारत में बालिका अनुपात 919 प्रति 1000 बालक है।

**8. चुनावी राजनीति में जातिवाद का एक स्पष्ट रूप क्या है?**
A. कर नीति
B. मतदाता पहचान पत्र
C. जाति के आधार पर उम्मीदवारों का चयन
D. डिजिटल प्रचार (C)

*व्याख्या :* राजनीतिक दल अक्सर जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर उम्मीदवारों का चयन करते हैं।

**9. किस क्षेत्र में महिलाओं की संसदीय भागीदारी सबसे अधिक है?**
A. एशिया B. उप-सहारा अफ्रीका
C. नॉर्डिक देश D. प्रशांत द्वीप (C)

*व्याख्या :* स्वीडन, नॉर्वे और फिनलैंड जैसे देशों में महिलाओं की भागीदारी बहुत अधिक है।

**10. नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 का उद्देश्य क्या है?**
A. लड़कियों को मुफ्त शिक्षा
B. निजी क्षेत्र में समान वेतन
C. विधायिकाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण
D. लैंगिक आरक्षण को समाप्त करना (C)

*व्याख्या :* यह अधिनियम लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं को 33% आरक्षण देता है।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App